Series AABB5/5

**SET No. 1**

प्रश्न पत्र कोड
Q.P. Code **58/5/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **13** questions.
- Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 2 घण्टे*
*Time allowed : 2 hours*

*अधिकतम अंक : 40*
*Maximum Marks : 40*

**सामान्य निर्देश:**

*1.* *इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं।*

*2.* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक अंकित किए गए हैं।*

*3.* *इस प्रश्न-पत्र में **2** अंकों के 5 प्रश्न, **3** अंकों के 5 प्रश्न तथा **5** अंकों के 3 प्रश्न हैं।*

*4.* ***2** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर 30-50 शब्दों में दीजिए।*

*5.* ***3** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर 50-80 शब्दों में दीजिए।*

*6.* ***5** अंकों वाले प्रश्न दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर 80-120 शब्दों में दीजिए।*

*7.* *प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार का समग्र विकल्प नहीं है। हालांकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। परीक्षार्थी इन प्रश्नों में से **केवल एक** प्रश्न का ही उत्तर दें।*

*8.* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न भी है।*

**1.** (क) साधन आय व हस्तांतरण आय में अंतर स्पष्ट करें। 2

**अथवा**

(ख) घरेलू आय व राष्ट्रीय आय में अंतर स्पष्ट करें। 2

**2.** (क) ''एक अर्थव्यवस्था में, स्वायत्त उपभोग ₹ 100 तथा सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.6 है। यदि संतुलन आय ₹ 2,000 है तो स्वायत्त निवेश ($I_0$) का मूल्य ₹ 300 होगा।'' 2

मान्य गणना के आधार पर दिए गए कथन की पुष्टि करें।

**अथवा**

(ख) एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है। निम्नलिखित आंकड़ों द्वारा सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) की गणना करें : 2

(i) राष्ट्रीय आय (Y) = ₹ 4,400

(ii) स्वायत्त उपभोग ( $\overline{C}$ ) = ₹ 1,000

(iii) निवेश व्यय (I) = ₹ 70

***General Instructions :***

1. *This question paper contains **13** questions.*
2. ***All** questions are compulsory. Marks are indicated against each question.*
3. *This question paper contains 5 questions of **2** marks each, 5 questions of **3** marks each and 3 questions of **5** marks each.*
4. ***2** marks questions are short-answer type questions and are to be answered in 30-50 words.*
5. ***3** marks questions are also short-answer type questions and are to be answered in 50-80 words.*
6. ***5** marks questions are long-answer type questions and are to be answered in 80-120 words.*
7. *There is no overall choice in the question paper. However, internal choices have been provided in few questions. The candidates need to attempt **only one** question from such questions.*
8. *This question paper contains Case/Source Based question also.*

**1.** (a) Distinguish between Factor Income and Transfer Income. 2

**OR**

(b) Distinguish between Domestic Income and National Income. 2

**2.** (a) "In an economy, the autonomous consumption is ₹ 100 and Marginal Propensity to Consume (MPC) is 0.6. If the equilibrium level of Income is 2,000, then the autonomous investment is ₹ 300." 2

Justify the statement with valid calculation.

**OR**

(b) An Economy is in equilibrium, calculate the Marginal Propensity to Save (MPS) from the following : 2

(i) National Income (Y) = ₹ 4,400

(ii) Autonomous Consumption ( $\overline{C}$ ) = ₹ 1,000

(iii) Investment Expenditure (I) = ₹ 70

**3.** 'अनैच्छिक बेरोजगार श्रमिकों का उपभोग फलन वक्र आय के शून्य स्तर पर भी Y–अक्ष पर किसी धनात्मक स्तर से प्रारंभ होता है।' 2

दिए गए कथन की पुष्टि करें।

**4.** 'स्वास्थ्य मानव कल्याण का एक मापदण्ड है।' 2

मान्य व्याख्या द्वारा दिए गए कथन की पुष्टि करें।

**5.** (क) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर, रोजगार में क्षेत्रवार के रुझानों की तुलना व विश्लेषण करें : 2

**रोजगार में रुझान (क्षेत्रवार)**

| **क्षेत्र** | **1999-2000** | **2011-12** |
|---|---|---|
| प्राथमिक क्षेत्र | 60.4 | 48.9 |
| द्वितीयक क्षेत्र | 15.8 | 24.3 |
| तृतीयक क्षेत्र | 23.8 | 26.8 |
| कुल योग | 100 | 100 |

**अथवा**

(ख) राम एक सैलून का स्वामी है। चोट लगने के कारण वह अस्थायी रूप से अनुपस्थित हो गया है। 2

क्या उसे एक श्रमिक माना जा सकता है ? व्याख्या करें।

**6.** (क) मान्य कारण बताते हुए, यह व्याख्या करें कि घरेलू आय की गणना करते हुए, निम्नलिखित को किस प्रकार लिया जाएगा : 3

(i) भारत में जापानी पर्यटक द्वारा वस्तु क्रय के लिए किया गया भुगतान।

(ii) पुरानी वस्तुओं की बिक्री पर किसी बिचौलिए का कमीशन।

**अथवा**

(ख) ''यदि आय का वितरण असमान हो तो, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कल्याण के सूचक के रूप में अपना महत्त्व खो देता है।'' 3

दिए गए कथन की मान्य कारण द्वारा पुष्टि करें।

3. 'Consumption function curve of an involuntary unemployed workers start from some positive level on Y-axis even at zero level of Income.' 2

Justify the given statement.

4. 'Health is a yardstick of human well-being.' 2

Justify the given statement with valid explanation.

5. (a) Compare and analyse the sector-wise trends in employment, based on following information : 2

**Trends in Employment (Sector-wise)**

| **Sector** | **1999-2000** | **2011-12** |
|---|---|---|
| Primary sector | 60.4 | 48.9 |
| Secondary sector | 15.8 | 24.3 |
| Tertiary sector | 23.8 | 26.8 |
| Total | 100 | 100 |

**OR**

(b) Ram is an owner of a salon. He is temporarily absent from work due to injury. 2

Can he be considered as worker ? Explain.

6. (a) Giving valid reasons, explain how the following would be treated while estimating domestic income ? 3

(i) Payment made by a Japanese tourist for goods purchased in India.

(ii) Broker's commission on the sale of second hand goods.

**OR**

(b) "Gross Domestic Product (GDP) as an indicator of welfare loses its significance if the distribution of income turns unequal." 3

Justify the given statement with valid reason.

**7.** 'भारत में महिलाओं का स्वास्थ्य एक बड़ी चिन्ता का विषय बन गया है।' 3

मान्य कारणों द्वारा, दिए गए कथन का समर्थन अथवा खण्डन करें।

**8.** ''सरकार ने आयकर भुगतान के लिए छूट की सीमा ₹ 2 लाख से बढ़ाकर ₹ 2.5 लाख कर दी है।'' 3

यदि अर्थव्यवस्था में अल्प मांग की स्थिति प्रचलित है तो, सरकार के इस कदम का क्या असर होगा ?

**9.** 'स्वतंत्रता सूचक' (liberty indicator) को एक उदाहरण की सहायता से परिभाषित करें तथा इसका महत्त्व बताएं। 3

**10.** भारत व पाकिस्तान द्वारा स्व-विकास पथ के लिए चुनी गई किन्हीं दो विकास रणनीतियों की संक्षेप में व्याख्या करें। 3

**11.** 'निवेश गुणक व सीमांत उपभोग प्रवृत्ति एक-दूसरे से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित है।' 5

एक संख्यात्मक उदाहरण द्वारा व्याख्या करें।

**12.** (क) (I) निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर, प्रचालन अधिशेष की गणना करें : 3

| **क्र.सं.** | **चर** | **राशि (₹ करोड़ में)** |
|---|---|---|
| (i) | रॉयल्टी | 5 |
| (ii) | किराया | 75 |
| (iii) | ब्याज | 30 |
| (iv) | साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद | 400 |
| (v) | लाभ | 45 |
| (vi) | लाभांश | 20 |

(II) 'स्थायी निवेश' और 'स्टॉक में निवेश' में अंतर स्पष्ट करें। 2

**7.** 'Women's health in India has become a matter of great concern.' 3

Defend or refute the given statement with valid argument.

**8.** "The Government has raised the exemption limit for the payment of Income tax from ₹ 2 lakh to ₹ 2.5 lakh." 3

If the situation of deficient demand is prevailing in the economy, what will be the impact of this action taken by the Government ?

**9.** Define 'liberty indicator' with the help of an example and state its importance. 3

**10.** Briefly explain any two similar developmental strategies opted by India and Pakistan for their respective developmental path. 3

**11.** 'Investment multiplier and Marginal Propensity to Consume are directly related to each other.' 5

Explain with the help of numerical example.

**12.** (a) (I) From the following data, calculate the value of operating surplus : 3

| S.No. | Items | Amount in (₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Royalty | 5 |
| (ii) | Rent | 75 |
| (iii) | Interest | 30 |
| (iv) | Net domestic product at factor cost | 400 |
| (v) | Profit | 45 |
| (vi) | Dividends | 20 |

(II) Distinguish between 'Fixed Investment' and 'Inventory Investment'. 2

अथवा

(ख) (I) निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर कर्मचारियों के पारिश्रमिक की गणना करें : 3

| क्र.सं. | चर | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | वृद्धावस्था पेंशन | 2,000 |
| (ii) | नकद मजदूरी व वेतन | 60,000 |
| (iii) | कर्मचारियों को किराया मुक्त घर | 30,000 |
| (iv) | कर्मचारी निधि में नियोक्ताओं का योगदान | 7,500 |
| (v) | कर्मचारियों द्वारा जीवन बीमा प्रीमियम का भुगतान | 2,500 |
| (vi) | कर्मचारी निधि में कर्मचारियों का योगदान | 35,000 |

(II) स्टॉक व प्रवाह चरों में अंतर स्पष्ट करें। 2

### केस/स्रोत आधारित प्रश्न

**13.** निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा प्रश्न संख्या 13(क) व 13(ख) के उत्तर दें :

हरित निवेश व सतत्ता सार्वजनिक नीति की प्राथमिकताएं हैं। भारत जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर एक अग्रणी विश्व नेता के रूप में उभरा है। भारत ने भविष्य हेतु समाधान तलाशने का संकल्प लिया है।

सरकारी योजनाएं व नीतियाँ, जैसे– स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना आदि, सभी सतत् विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान करती हैं।

**OR**

(b) (I) From the following data, calculate the value of compensation of employees (COE) : 3

| S.No. | Items | Amount in (₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Old age pension | 2,000 |
| (ii) | Wages and salaries in cash | 60,000 |
| (iii) | Rent free accommodation to employees | 30,000 |
| (iv) | Employer's contribution to provident fund | 7,500 |
| (v) | Payment of life insurance premium by the employees | 2,500 |
| (vi) | Contribution to provident fund by employees | 35,000 |

(II) Distinguish between stock and flow variables. 2

## Case/Source Based question

**13.** Read the following text carefully and answer question number 13(a) and 13(b) given below :

Green investment and sustainability are priorities in public policy. India has emerged as a global leader at the front of the climate change. India has pledged to seek solutions for the future.

Government schemes and policies such as Swachh Bharat Mission, Pradhan Mantri Awas Yojana, Smart Cities, Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana among other, all contribute towards achieving sustainable development goals.

सरकार ने आर्थिक विकास को बनाए रखते हुए सतत् विकास, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा दक्षता व वायु प्रदूषण से संबंधित नीतियों व उपायों को आरंभ व लागू करने में अपना योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना ने स्वच्छ हवा में सक्रिय योगदान दिया है। हाल ही में जारी एक मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार श्वसन संबंधित बीमारियों तथा मृत्यु में कमी आई है।

जल जीवन मिशन को जल सुरक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से आरंभ किया गया था। हमने विगत् 60 वर्षों में जानवरों व मछलियों की विभिन्न प्रजातियों की आबादी के आकार में 68% की गिरावट देखी है। ग्रीन हाउस गैस व पृथ्वी के तापमान में वृद्धि एक गंभीर वैश्विक चिन्ता का विषय है। भारत उन देशों में से एक है, जो कि वैश्विक तापमान के $2^{o}C$ से अधिक बढ़ने से प्रभावित होगा।

'भारत पहले से ही, नवाचार व दीर्घकालीन पर्यावरण अनुकूल उत्पादन विधियों के विकास के लिए कई कदम उठा चुका है।'

*स्रोत : द इकनॉमिक टाइम्स; अक्टूबर 27, 2021*

(क) भारत में सतत् विकास प्राप्त करने में सम्मिलित किन्हीं दो कदमों का उल्लेख व व्याख्या करें। 3

(ख) दिए गए गद्य में से कोई दो कारक बताएं जिन्होंने पर्यावरण की वहन क्षमता (carrying capacity) को चुनौती दी है। 2

The government has contributed to maintain economic growth by introducing and implementing various policies and measures relating to sustainable development, climate change, energy efficiency and air pollution.

Pradhan Mantri Ujjwala Yojana Scheme, has actively contributed to cleaner air. It has resulted in drastic reduction of respiratory diseases and ultimately death as per recent medical report.

The Jal Jeevan Mission was launched with the objective of achieving water security. We have seen 68 per cent decline in the size of population of various animal species and amphibian over the last 60 years. The issue of green house gases and rising temperature of the earth are a global concern. India is one of those countries that will be affected by the over 2 degree celsius rise in global temperature.

'India has already taken a lot of steps in the area of innovation and development of different production methodologies which are environmentally friendly in the long run.'

*Source : The Economic Times; Oct. 27, 2021*

(a) State and discuss any two steps involved in attaining sustainable development in India. 3

(b) From the given text, state any two factors which challenged the carrying capacity of the environment. 2